# कालमापन

## घड़ी का वाचन



**शिक्षिका :** कल तुम लोगों ने पूछा था कि घड़ी देखकर समय कैसे बताया जा सकता है । आज मैं एक बड़ी घड़ी लाई हूँ । आओ, हम उससे सीखें । घड़ी की छोटी तथा बड़ी सूइयों की ओर ध्यान दो । जब दोनों सूइयाँ १२ पर होती हैं, तब बारह बजते हैं ।



**सलमा :** छोटी सूई ४ पर और बड़ी सूई १२ पर होती है, तब ४ बजते हैं ।

**नंदू :** इसी प्रकार '५ बजे हैं' अथवा '९ बजे हैं' दिखाया जा सकता है ।



**सोनी :** छोटी सूई धीरे-धीरे जबकि बड़ी सूई उसकी अपेक्षा तेजी से घूमती है, है न ?

**शिक्षिका :** हाँ ! छोटी सूई घंटा दिखाती है जबकि बड़ी सूई मिनट दिखाती है । इसलिए छोटी सूई को 'घंटा सूई' तथा बड़ी सूई को 'मिनट सूई' कहते हैं । अब बड़ी सूई १ पर गई है । १२ बजकर ५ मिनट हो गए ।



**नंदू :** मिनट की सूई २ पर गई तो १२ बजकर १० मिनट होंगे । फिर मिनट की सूई ३ पर हो तो १२ बजकर १५ मिनट होंगे । अरे देखो न ? घंटे की सूई थोड़ी आगे गई हुई दिखाई देती है ।



**शिक्षिका :** ठीक कहा । प्रत्येक दो समीपी संख्याओं के खानों में ५-५ मिनटों का अंतर है ।



**सोनी :** इसका अर्थ यह है कि मिनटों की गिनती करते समय ५ का पहाड़ा उपयोगी होगा । इसी प्रकार घंटे की सूई १२ तथा १ के मध्य और मिनट की सूई ९ पर हो तो १२ बजकर ४५ मिनट होंगे क्योंकि नौ पचे पैंतालीस ।



**शिक्षिका :** वाह-वाह, बहुत अच्छा ! जब मिनट की सूई १२ से आगे जाते-जाते पुनः १२ तक आती है, तब उसका एक चक्कर (फेरा) पूरा होता है । इसके लिए लगनेवाला समय ६० मिनट अर्थात १ घंटा होता है । उतने ही समय में घंटे की सूई १२ पर से १ पर खिसक जाती है, उस समय १ बजा होता है ।




**टोनी :** आया ध्यान में । घंटे की सूई ४ तथा ५ के मध्य और मिनट की सूई ८ पर हो, तो पाँच अट्ठे चालीस अर्थात ४ बजकर ४० मिनट होते हैं ।

**घंटा-मिनट, ये समय नापने की इकाइयाँ (मात्रक) हैं ।**

✦ नीचे घड़ियों के चित्रों में दिखाई देनेवाला समय, घंटे तथा मिनट में लिखो :










✦ नीचे दिए गए समय देखो । उस समय सूइयों की स्थिति कैसी होगी, उसे घड़ियों में दिखाओ ।

५ बजकर १० मिनट    ९ बजकर ५ मिनट    ६ बजकर २० मिनट    ११ बजकर ३५ मिनट










✦ नीचे दी गई प्रत्येक क्रिया पूर्ण करने के लिए लगभग कितने मिनट या कितने घंटे या कितने दिन का समय लगता है, उसे सारणी में लिखो ।

| कुकर में भात बनाना | गाय का दूध दूहना | माँ द्वारा भोजन बनाना | पानी की टंकी भरना | स्वेटर बुनना | गुलाब की कली खिलना |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

✦ पूरे दिनभर में किए गए मुख्य काम, वह काम करने का समय और उस समय घड़ी की सूइयों की स्थिति, नीचे दी गई सारणी में लिखो ।

| अ.क्र. | काम | घड़ी का समय | घड़ी की सूइयों की स्थिति |
|---|---|---|---|
| १. | सुबह उठना | ६ बजकर १५ मिनट | छोटी सूई ६ के आगे, बड़ी सूई ३ पर |
| | | | |
| | | | |

✦ नीचे दिए गए प्रकारवाली घड़ियों की जानकारी प्राप्त करो ।

- मोबाइल की घड़ी
- गजर/चाबीवाली घड़ी
- लोलकवाली घड़ी
- स्वयंचलित घड़ी
- प्रतियोगिता में निर्णायक द्वारा उपयोग में लाई गई घड़ी (विराम घड़ी)
- रेतघड़ी
- सूर्य घड़ी

✍ शिक्षकों के लिए : मोटे गत्ते तथा पिनों की सहायता से घड़ी तैयार करने के लिए कहें । उसके आधार पर घड़ी के समय के वाचन का अभ्यास करवाएँ ।